Regarding construction of ESIC Hospital at Farrukabad

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद में एक भी कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा संचालित चिकित्सालय नहीं है ।

महोदय, फर्रूखाबाद जनपद में सैकड़ों की संख्या में भट्टे भी हैं, बीड़ी उद्योग का बड़ा काम होता है और साथ ही साथ में तंबाकू के भी कई गोदामें-कारखाने हैं । इसी के साथ-साथ कपड़ा पेंटिंग एवं जरदोजी के बड़े काम होते हैं, जिनमें हमारे यहां लगभग हजारों की संख्या में श्रमिक काम करते हैं । परंतु उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक भी श्रमिक चिकित्सालय नहीं है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से श्रमिक एवं रोजगार मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद में एक श्रमिक चिकित्सालय ईएसआईसी, अस्पताल की स्थापना कराने की कृपा करें । जब कोई श्रमिक दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है या उनके स्वास्थ्य में कोई गड़बड़ी होती है, तो वहां वे चिकित्सा करा कर अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर सकें ।?(व्यवधान)